भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. *273**
दिनांक 21.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

**स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के अंतर्गत राज्यों को सहायता**

***273. श्रीमती नवनीत रवि राणा:**
**श्री रमेश चन्द्र कौशिक:**

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण (एसबीएम-जी) के अंतर्गत एकत्रित कचरे/अपशिष्ट के निपटान के लिए सरकार द्वारा महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार तथा जम्मू और कश्मीर राज्यों को प्रदान की गई वित्तीय और तकनीकी सहायता का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के अंतर्गत एकत्र किए गए कचरे/अपशिष्ट का निपटान परम्परागत तरीके से किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में, विशेषकर अमरावती जिले में, हरियाणा में विशेषकर सोनीपत जिले में, झारखंड, बिहार तथा जम्मू और कश्मीर में कचरे/अपशिष्ट के निपटान के लिए स्थापित किए गए आधुनिक संयंत्रों की जिला-वार संख्या कितनी है?

**उत्तर**

जल शक्ति मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): उत्तर का विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के अंतर्गत राज्यों को सहायता के संबंध में दिनांक 21.12.2023 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या *273 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क) और (ख): स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण (एसबीएम-जी), केंद्र प्रायोजित योजना होने के कारण राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है। भारत सरकार, स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण के कार्यान्वयन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करती है।

ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाले कूड़े-करकट/कचरे के प्रबंधन के लिए, स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण (एसबीएम-जी) चरण-II के कार्य संबंधी दिशानिर्देशों में राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए विभिन्न प्रौद्योगिकीय विकल्पों का प्रावधान है। जैविक कचरे के लिए, जहां तक संभव हो, तथा विशेष रूप से अपेक्षाकृत छोटी ग्राम पंचायतों के लिए विकेंद्रीकृत परिवार स्तर पर कंपोस्ट खाद बनाने को प्राथमिकता दी जाती है। बड़ी ग्राम पंचायतों/अर्ध-शहरी क्षेत्रों के लिए अथवा ऐसे क्षेत्रों में जहां पारिवारिक स्तर पर प्रसंस्करण व्यवहार्य न हो, वहां सामुदायिक स्तर के प्रसंस्करण पर विचार किया जा सकता है। प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के कार्यान्वयन में गांव स्तर पर भंडारण और पृथक्करण सुविधा तथा जिला/ब्लॉक स्तर पर सामग्री संग्रहण सुविधा/प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई का सृजन करना शामिल है। एसबीएम(जी) चरण-II के कार्य संबंधी दिशानिर्देशों में परिभाषित किया गया है कि यदि कोई क्लस्टर व्यवस्था संभव न हो तो प्रत्येक ब्लॉक में कम से कम एक प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई (पीडब्ल्यूएमयू) हो। राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के लिए शहरी सुविधाओं का उपयोग करने की भी सलाह दी गई है। इसके अतिरिक्त, इस विभाग ने ठोस कचरा प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) और प्लास्टिक कचरा प्रबंधन (पीडब्ल्यूएम) हेतु सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए मैनुअल और टूलकिट जारी किए हैं। तथापि, राज्यों द्वारा स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप सर्वोत्तम प्रौद्योगिकी का चयन करने की छूट है। इसके अलावा, एसडब्ल्यूएम के तकनीकी घटकों के संबंध में राज्य/जिला/ब्लॉक/ग्राम पंचायत स्तरों पर विभिन्न हितधारकों की क्षमता का सुदृढीकरण किया जा रहा है।

एसबीएम(जी) के तहत, केंद्र और राज्यों के बीच हिस्सेदारी के आधार पर (60:40 गैर-पूर्वोत्तर राज्यों, 90:10 पूर्वोत्तर एवं हिमालयी तथा जम्मू एवं कश्मीर राज्यों के लिए और 100% संघ राज्य क्षेत्रों के लिए) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए निधियां जारी की जाती हैं। एसबीएम(जी) के तहत, वर्ष 2014-15 से 2023-24 तक महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार और जम्मू एवं कश्मीर के लिए जारी निधि में केंद्र का हिस्सा निम्नवत है:-

करोड़ रुपये में

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **2014-15 से 2023-24 तक जारी केंद्रीय हिस्सा** |
|---|---|---|
| 1 | महाराष्ट्र | 4594.48 |
| 2 | झारखंड | 2724.43 |
| 3 | बिहार | 7192.66 |
| 4 | जम्मू एवं कश्मीर | 1167.70 |

(ग): एसबीएम(जी) चरण-II के अंतर्गत निर्मित सामुदायिक कंपोस्ट खाद के गड्ढों, सामुदायिक बायो-गैस संयंत्रों, भंडारण एवं पृथक्करण शेडों तथा पीडब्ल्यूएमयू की राज्य-वार संख्या निम्नवत है:-

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **सामुदायिक कंपोस्ट खाद के गड्ढ़ों की संख्या** | **पूर्ण किए गए सामुदायिक बायो-गैस संयंत्रों की संख्या** | **भंडारण एवं पृथक्करण शेडों की संख्या** | **पीडब्ल्यूएमयू की संख्या** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महाराष्ट्र | 33481 | 12 | 19085 | 5 |
| 2 | हरियाणा | 4449 | 7 | 3391 | 20 |
| 3 | झारखंड | 47266 | 12 | 4445 | 30 |
| 4 | बिहार | 8679 | 14 | 3921 | 128 |
| 5 | जम्मू एवं कश्मीर | 12325 | 3 | 6542 | 61 |

स्रोत: राज्यों द्वारा एसबीएम(जी) की एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली https://sbm.gov.in/sbmphase2/Secure/Entry/UserMenu.aspx पर सूचित किए गए आंकड़े

जिले-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

*****

**अनुबंध**

दिनांक 21-12-2023 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या 273 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

**15.12.23 की स्थिति के अनुसार एसबीएम(जी) चरण-II के अंतर्गत निर्मित सामुदायिक कंपोस्ट खाद के गड्ढ़ों, सामुदायिक बायो-गैस संयंत्रों, भंडारण एवं पृथक्करण शेडों तथा पीडब्ल्यूएमयू की जिले-वार संख्या**

| क्र.सं. | राज्य | जिला | सामुदायिक कंपोस्ट खाद के गड्ढ़ों की संख्या | पूर्ण किए गए सामुदायिक बायो-गैस संयंत्रों की संख्या | भंडारण एवं पृथक्करण शेडों की संख्या | पीडब्ल्यूएमयू की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महाराष्ट्र | अहमदनगर | 3644 | 1 | 1237 | 0 |
| 2 | महाराष्ट्र | अकोला | 912 | 0 | 198 | 0 |
| 3 | महाराष्ट्र | अमरावती | 1244 | 1 | 891 | 0 |
| 4 | महाराष्ट्र | औरंगाबाद | 478 | 1 | 363 | 0 |
| 5 | महाराष्ट्र | बीड | 442 | 0 | 111 | 0 |
| 6 | महाराष्ट्र | भंडारा | 637 | 0 | 252 | 0 |
| 7 | महाराष्ट्र | बुलढाना | 701 | 1 | 170 | 0 |
| 8 | महाराष्ट्र | चंद्रपुर | 535 | 0 | 138 | 0 |
| 9 | महाराष्ट्र | धुले | 681 | 0 | 400 | 0 |
| 10 | महाराष्ट्र | गडचिरोली | 1834 | 0 | 268 | 0 |
| 11 | महाराष्ट्र | जलगांव | 1768 | 1 | 1339 | 0 |
| 12 | महाराष्ट्र | जलना | 224 | 0 | 130 | 0 |
| 13 | महाराष्ट्र | कोल्हापुर | 73 | 1 | 53 | 0 |
| 14 | महाराष्ट्र | लातूर | 475 | 1 | 189 | 0 |
| 15 | महाराष्ट्र | नागपुर | 913 | 1 | 136 | 0 |
| 16 | महाराष्ट्र | नांदेड़ | 505 | 1 | 279 | 0 |
| 17 | महाराष्ट्र | नासिक | 1498 | 1 | 844 | 0 |
| 18 | महाराष्ट्र | उस्मानाबाद | 911 | 0 | 431 | 0 |
| 19 | महाराष्ट्र | परभनी | 796 | 0 | 270 | 0 |
| 20 | महाराष्ट्र | पुणे | 1307 | 1 | 535 | 1 |
| 21 | महाराष्ट्र | रायगढ़ | 1203 | 0 | 1533 | 3 |
| 22 | महाराष्ट्र | रत्नागिरि | 1877 | 0 | 4827 | 1 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | महाराष्ट्र | सांगली | 545 | 0 | 305 | 0 |
| 24 | महाराष्ट्र | सतारा | 1685 | 1 | 797 | 0 |
| 25 | महाराष्ट्र | सोलापुर | 1758 | 0 | 507 | 0 |
| 26 | महाराष्ट्र | थाणे | 1249 | 0 | 444 | 0 |
| 27 | महाराष्ट्र | वर्धा | 812 | 0 | 8 | 0 |
| 28 | महाराष्ट्र | यवतमाल | 343 | 0 | 268 | 0 |
| 29 | महाराष्ट्र | गोंदिया | 1153 | 0 | 390 | 0 |
| 30 | महाराष्ट्र | नंदुरबार | 356 | 0 | 52 | 0 |
| 31 | महाराष्ट्र | हिंगोली | 320 | 0 | 146 | 0 |
| 32 | महाराष्ट्र | वाशिम | 405 | 0 | 89 | 0 |
| 33 | महाराष्ट्र | सिंधुदुर्ग | 883 | 0 | 692 | 0 |
| 34 | महाराष्ट्र | पालघर | 1314 | 0 | 793 | 0 |
| **कुल** | | | **33481** | **12** | **19085** | **5** |
| 1 | हरियाणा | अंबाला | 371 | 0 | 275 | 5 |
| 2 | हरियाणा | भिवानी | 296 | 5 | 273 | 7 |
| 3 | हरियाणा | फरीदाबाद | 154 | 0 | 85 | 0 |
| 4 | हरियाणा | फतेहाबाद | 235 | 0 | 89 | 0 |
| 5 | हरियाणा | गुडगाँव | 113 | 0 | 99 | 0 |
| 6 | हरियाणा | हिसार | 308 | 1 | 172 | 0 |
| 7 | हरियाणा | झज्जर | 272 | 0 | 168 | 0 |
| 8 | हरियाणा | जींद | 40 | 0 | 183 | 0 |
| 9 | हरियाणा | कैथल | 82 | 0 | 90 | 0 |
| 10 | हरियाणा | करनाल | 633 | 0 | 176 | 0 |
| 11 | हरियाणा | कुरूक्षेत्र | 41 | 0 | 59 | 0 |
| 12 | हरियाणा | महेंद्रगढ़ | 175 | 0 | 131 | 0 |
| 13 | हरियाणा | पंचकुला | 17 | 0 | 40 | 0 |
| 14 | हरियाणा | रेवाड़ी | 99 | 0 | 61 | 0 |
| 15 | हरियाणा | सिरसा | 340 | 0 | 399 | 7 |
| 16 | हरियाणा | सोनीपत | 139 | 0 | 146 | 0 |
| 17 | हरियाणा | यमुनानगर | 318 | 0 | 163 | 1 |
| 18 | हरियाणा | नूह | 452 | 0 | 420 | 0 |
| 19 | हरियाणा | पलवल | 62 | 0 | 101 | 0 |
| 20 | हरियाणा | चरखी दादरी | 36 | 1 | 34 | 0 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | हरियाणा | पानीपत | 173 | 0 | 173 | 0 |
| 22 | हरियाणा | रोहतक | 93 | 0 | 54 | 0 |
| **कुल** | | | **4449** | **7** | **3391** | **20** |
| 1 | झारखंड | बोकारो | 2958 | 0 | 250 | 0 |
| 2 | झारखंड | चतरा | 5817 | 1 | 226 | 0 |
| 3 | झारखंड | देवघर | 3218 | 0 | 245 | 2 |
| 4 | झारखंड | धनबाद | 1179 | 0 | 99 | 3 |
| 5 | झारखंड | दुमका | 3754 | 0 | 92 | 0 |
| 6 | झारखंड | पूर्वी सिंहभूम | 2367 | 1 | 281 | 1 |
| 7 | झारखंड | गढ़वा | 248 | 0 | 56 | 0 |
| 8 | झारखंड | गिरिडीह | 1164 | 2 | 275 | 1 |
| 9 | झारखंड | गोड्डा | 4761 | 0 | 276 | 9 |
| 10 | झारखंड | गुमला | 389 | 0 | 109 | 1 |
| 11 | झारखंड | हजारीबाग | 2388 | 0 | 644 | 0 |
| 12 | झारखंड | कोडरमा | 680 | 0 | 57 | 1 |
| 13 | झारखंड | लोहरडगा | 2048 | 0 | 109 | 3 |
| 14 | झारखंड | पाकुर | 1859 | 0 | 39 | 2 |
| 15 | झारखंड | पलामू | 711 | 1 | 48 | 0 |
| 16 | झारखंड | रांची | 994 | 0 | 80 | 0 |
| 17 | झारखंड | साहिबगंज | 2398 | 5 | 917 | 0 |
| 18 | झारखंड | पश्चिम सिंहभूम | 4976 | 1 | 206 | 0 |
| 19 | झारखंड | जामताड़ा | 1701 | 0 | 128 | 5 |
| 20 | झारखंड | सरायकेला खरसावां | 1297 | 0 | 94 | 0 |
| 21 | झारखंड | लातेहार | 1078 | 1 | 38 | 1 |
| 22 | झारखंड | सिमडेगा | 397 | 0 | 40 | 1 |
| 23 | झारखंड | रामगढ़ | 141 | 0 | 9 | 0 |
| 24 | झारखंड | खूंटी | 743 | 0 | 127 | 0 |
| **कुल** | | | **47266** | **12** | **4445** | **30** |
| 1 | बिहार | अररिया | 152 | 0 | 52 | 1 |
| 2 | बिहार | औरंगाबाद | 48 | 1 | 32 | 3 |
| 3 | बिहार | बांका | 88 | 0 | 22 | 1 |
| 4 | बिहार | बेगूसराय | 99 | 1 | 88 | 5 |
| 5 | बिहार | कैमूर(भाबुआ) | 468 | 0 | 85 | 2 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | बिहार | भागलपुर | 136 | 1 | 26 | 3 |
| 7 | बिहार | भोजपुर | 328 | 0 | 82 | 3 |
| 8 | बिहार | बक्सर | 454 | 1 | 309 | 2 |
| 9 | बिहार | पूर्वी चंपारण | 207 | 1 | 110 | 10 |
| 10 | बिहार | पश्चिम चंपारण | 488 | 0 | 434 | 12 |
| 11 | बिहार | दरभंगा | 243 | 0 | 232 | 2 |
| 12 | बिहार | गया | 212 | 1 | 83 | 3 |
| 13 | बिहार | गोपालगंज | 106 | 1 | 47 | 1 |
| 14 | बिहार | जमुई | 139 | 1 | 60 | 2 |
| 15 | बिहार | जहानाबाद | 80 | 0 | 12 | 2 |
| 16 | बिहार | कटिहार | 129 | 0 | 62 | 4 |
| 17 | बिहार | खगरिया | 47 | 1 | 44 | 1 |
| 18 | बिहार | किशनगंज | 211 | 0 | 128 | 1 |
| 19 | बिहार | मधेपुरा | 167 | 0 | 45 | 5 |
| 20 | बिहार | मधुबनी | 84 | 0 | 74 | 5 |
| 21 | बिहार | मुंगेर | 149 | 0 | 38 | 4 |
| 22 | बिहार | मुजफ्फरपुर | 2295 | 1 | 897 | 3 |
| 23 | बिहार | नालन्दा | 121 | 0 | 33 | 4 |
| 24 | बिहार | नवादा | 122 | 0 | 67 | 2 |
| 25 | बिहार | पटना | 86 | 1 | 74 | 9 |
| 26 | बिहार | पूर्णिया | 247 | 0 | 195 | 3 |
| 27 | बिहार | सासाराम(रोहतास) | 298 | 0 | 33 | 1 |
| 28 | बिहार | सहरसा | 28 | 0 | 11 | 3 |
| 29 | बिहार | समस्तीपुर | 169 | 1 | 63 | 7 |
| 30 | बिहार | सारण | 175 | 0 | 76 | 5 |
| 31 | बिहार | शिवहर | 51 | 0 | 25 | 1 |
| 32 | बिहार | सीतामढ़ी | 89 | 0 | 28 | 3 |
| 33 | बिहार | सिवान | 68 | 0 | 47 | 2 |
| 34 | बिहार | सुपौल | 64 | 1 | 30 | 5 |
| 35 | बिहार | वैशाली | 651 | 0 | 243 | 4 |
| 36 | बिहार | अरवल | 87 | 0 | 5 | 2 |
| 37 | बिहार | लखीसराय | 58 | 0 | 20 | 1 |
| 38 | बिहार | शेखपुरा | 35 | 1 | 9 | 1 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **कुल** | | | **8679** | **14** | **3921** | **128** |
| 1 | जम्मू एवं कश्मीर | अनंतनाग | 570 | 0 | 337 | 11 |
| 2 | जम्मू एवं कश्मीर | बारामूला | 719 | 0 | 386 | 0 |
| 3 | जम्मू एवं कश्मीर | बडगाम | 243 | 0 | 170 | 0 |
| 4 | जम्मू एवं कश्मीर | डोडा | 613 | 0 | 479 | 0 |
| 5 | जम्मू एवं कश्मीर | जम्मू | 3135 | 3 | 1022 | 4 |
| 6 | जम्मू एवं कश्मीर | कठुआ | 1630 | 0 | 595 | 0 |
| 7 | जम्मू एवं कश्मीर | कुपवाड़ा | 539 | 0 | 393 | 3 |
| 8 | जम्मू एवं कश्मीर | पूंछ | 331 | 0 | 194 | 0 |
| 9 | जम्मू एवं कश्मीर | पुलवामा | 509 | 0 | 406 | 2 |
| 10 | जम्मू एवं कश्मीर | राजौरी | 476 | 0 | 451 | 11 |
| 11 | जम्मू एवं कश्मीर | श्रीनगर | 19 | 0 | 20 | 4 |
| 12 | जम्मू एवं कश्मीर | उधमपुर | 861 | 0 | 429 | 0 |
| 13 | जम्मू एवं कश्मीर | किश्तवाड़ | 225 | 0 | 188 | 13 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | रामबन | 353 | 0 | 167 | 1 |
| 15 | जम्मू एवं कश्मीर | कुलगाम | 278 | 0 | 408 | 2 |
| 16 | जम्मू एवं कश्मीर | बांदीपुरा | 621 | 0 | 292 | 4 |
| 17 | जम्मू एवं कश्मीर | सांबा | 533 | 0 | 74 | 0 |
| 18 | जम्मू एवं कश्मीर | शोपियां | 256 | 0 | 230 | 5 |
| 19 | जम्मू एवं कश्मीर | गांदरबल | 159 | 0 | 145 | 0 |
| 20 | जम्मू एवं कश्मीर | रियासी | 255 | 0 | 156 | 1 |
| **कुल** | | | **12325** | **3** | **6542** | **61** |